अध्याय –7

संचालन पद्धतियां

7.01 संचालन पद्धतियांः–

(1) स्टेशनों के बीच चलनेवाली सभी गाड़ियों का संचालन निम्नलिखित में से किसी एक पद्धति के अनुसार किया जायगा, अर्थात ;

(क) पूर्ण ब्लॉक पद्धति,

(ख) स्वचालित ब्लॉक पद्धति,

(ग) अनुगामी गाड़ी पद्धति,

(घ) पायलट गार्ड पद्धति,

(ड.) ट्रेन–स्टाफ तथा टिकट पद्धति, या

(च) केवल एक गाड़ी पद्धति।

(2) प्रत्येक रेल पर पूर्ण ब्लॉक पद्धति तथा स्वचालित ब्लॉक पद्धति का प्रयोग किया जाएगा । किन्तु उपनियम (1) में उल्लिखित किसी अन्य संचालन पद्धति का प्रयोग विशेष अनुदेशों के अधीन रेल या रेलों के किसी अन्य भाग पर मंजूर किया जा सकता है, वशर्ते प्रत्येक पद्धति का प्रयोग उन शर्तों के अधीन किया जायेगा जो इन नियमों में वर्णित हैं ।

7.02 सिगनल तथा गाड़ी के संचालन से सम्बन्धित साधारण नियमों का लागू होना :–

यदि कोई अन्यथा उपबन्ध नहीं किया गया है तो सिगनलों और गाड़ियों के संचालन से सम्बन्धित सभी नियम इन नियमों में वर्णित संचालन पद्धतियों को भी लागू होगें।

स.नि. 7.02 इस रेलवे के विभिन्न खंडों पर लागू संचालन पद्धति विभिन्न मंडलों के कार्यकारी समय सारिणी में उल्लिखित हैं।